# कार्यालय : जिला कार्यक्रम अधिकारी, आई0सी0डी0एस0 – कौशाम्बी।

पत्रांक /जि०का०अधि० /2025–26/दिनांक 18 नवम्बर, 2025

## सहायिकाओं के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–1/1092245/2025/3313/58–1–2025 (1917687) दिनांक 17 सितम्बर 2025 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद कौशाम्बी के शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजनाओं में सहायिकाओं के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत विभागीय वेब पोर्टल https://www.upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्त पदों का बाल विकास परियोजनावार संख्यात्मक विवरण निम्नवत् है–

| क्रम सं0 | परियोजना का नाम | सहायिका के रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | मूरतगंज | 35 |
| 2 | चायल | 132 |
| 3 | नेवादा | 38 |
| 4 | मंझनपुर | 58 |
| 5 | सरसवॉं | 53 |
| 6 | कनैली | 171 |
| 7 | कड़ा | 42 |
| 8 | सिराथू | 191 |
| 9 | शहर | 19 |
| योग ———————— | | 739 |

उपरोक्त पदों का ग्रामसभा/वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील, विकास खण्ड, नगर पंचायत/ नगर पालिका परिषद एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गयी है। साथ ही विभागीय वेबसाइट **https://www.upanganwadibharti.in** पर अपलोड है।

### विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देश

1. विज्ञापित पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगे।
2. सहायिका के सभी रिक्त पदों के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष तथा अधिकतम शैक्षिक योग्यता परास्नातक के आधार पर मेरिट तैयार की जायेगी।
3. आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड / ग्रामसभा का स्थाई निवासी होना अनिवार्य है। ग्रामसभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में सम्बन्धित न्याय पंचायत का स्थाई निवासी होना अनिवार्य होगा। नगरीय क्षेत्र में रिक्त पदों पर आवेदन करते समय तहसील द्वारा ऑनलाइन जारी निवास प्रमाण पत्र में सम्बन्धित वार्ड कमांक / संख्या एवं सम्बन्धित वार्ड का नाम अनिवार्य रूप से अंकित होना चाहिए।
4. आय, निवास व जाति प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में तहसील से ऑनलाइन डिजिटल हस्ताक्षर से निर्गत आय, निवास व जाति प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे जिनका ऑनलाइन सत्यापन सम्भव हो।
5. सहायिका के पद के लिए आवेदिका की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा अधिकतम आयु 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। आयु की गणना हेतु कट ऑफ डेट 01 जुलाई 2025 होगी।
6. सहायिका के पद पर भर्ती हेतु बी०पी०एल० (गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन) श्रेणी के आवेदिकाओं को वरीयता प्रदान की जायेगी। बी०पी०एल० श्रेणी का निर्धारण समाज कल्याण अनुभाग–2 उ०प्र० शासन के शासनादेश संख्या–22/2015/2123/26–2–2015 दिनांक 14 सितम्बर 2015 (यथा संशोधित) वो अनुसार किया जायेगा।
7. आय प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश शासन के राजस्व अनुभाग–9 द्वारा निर्गत शासनोदश संख्या–3959/1–9–11–राज0–9 दिनांक 30.09.2011 (यथा संशोधित) के क्रम में सक्षम स्तर से निर्गत आय प्रमाण–पत्र ही मान्य होंगे, जिनका ऑनलाइन सत्यापन सम्भव हो।
8. विधवा हेतु ग्राम पंचायत अधिकारी / सम्बन्धित नगर निकाय द्वारा निर्गत मृत्यु प्रमाण पत्र एवं परिवार पंजिका की प्रमाणित नकल मान्य होगी।
9. तलाकशुदा एवं परित्यकता के सम्बन्ध में मा० न्यायलय द्वारा निर्गत विधिक आदेश मान्य होंगे।

Scanned with OKEN Scanner

10. विज्ञापित पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाइट https://www.upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पर फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार्य होंगे। ऑफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य/ स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

11. आवेदन पत्र विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध फार्मेट पर ऑनलाइन व सही–सही सावधानी पूर्वक भरे जायेंगे। आवेदिका द्वारा अभिलेखों की स्वहस्ताक्षरित प्रति, जो स्वच्छ व पठनीय हो पोर्टल https://www.upanganwadibharti.in पर अपलोड की जायेगी, जिनका उल्लेख उनके द्वारा ऑनलाइन फार्म में किया गया होगा। कोई भी आवेदन या अभिलेख / प्रपत्र ऑफलाइन या डाक द्वारा मान्य नहीं होंगे। यदि आवेदन करने में कोई त्रुटि होती है या कोई तथ्य/आंकड़े/ शैक्षिक अभिलेखों के प्राप्तांक/पूर्णांक गलत या कूटरचित पाये जायेंगे तो अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।

12. विज्ञापित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 09.12.2025 मध्य रात्रि 12.00 बजे तक होगी।

13. उपरोक्त विज्ञाप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय बेवसाइट https://www.upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है साथ ही अधिक जानकारी हेतु सम्बन्धित विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय (बाल विकास विभाग) से कार्यालय दिवस में निर्धारित समयानुसार प्राप्त की जा सकती है।

14. रिक्त पदों की संख्या घट–बढ़ सकती है। रिक्त पदों पर भर्ती करने या न करने का अन्तिम निर्णय चयन समिति के अधीन होगा।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
कौशाम्बी।

पृष्ठांकन C-2417 तद्दिनांक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित की सेवा में आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. निदेशक महोदय बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय कौशाम्बी।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय/अध्यक्ष चयन समिति कौशाम्बी।
4. समस्त सदस्य ऑ0बा0 कार्यकत्री/सहायिका चयन समिति जनपद कौशाम्बी।
5. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी कौशाम्बी को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उपरोक्त विज्ञापित पदों को एन0आई0सी0 के पोर्टल पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
6. जिला सूचना अधिकारी कौशाम्बी को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उपरोक्त विज्ञापन को स्थानीय एवं प्रदेश स्तर पर कम से कम एक–एक प्रमुख समाचार पत्र में न्यूनतम कॉलम एवं दर पर प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
7. समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी जनपद कौशाम्बी को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त विज्ञापित पदों का पूर्ण विवरण अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड के साथ–साथ विकास खण्ड, तहसील एवं नगर पंचायत/पालिका परिषद कार्यालय में चस्पा कराना सुनिश्चित करें।
8. कार्यालय प्रति।

18/11/25

जिला कार्यक्रम अधिकारी
कौशाम्बी।

Scanned with OKEN Scanner